[Shri R. V. Swaminathan]
very seriously and they should call for a report from the State Government.

(iii) Need for encouraging a student from U.P. who topped in an academic test in Pondicherry.

श्री स्वामी ब्रह्मानन्दजी (हमीरपुर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश का मेरे क्षेत्र तथा कालिज का एक छात्र है— छक्की लाल इन्दीवर यादव, जिस की उम्र 17 वर्ष की है। वह दसवें दर्जे की परीक्षा में सारे उत्तर प्रदेश में फर्स्ट आया, इन्टर की परीक्षा में सारे उत्तर प्रदेश में फर्स्ट आया। उस के बाद एक अध्यात्म विज्ञान की परीक्षा हुई, जिस में किसी समय भाभा जी भी बैठे थे, उस परीक्षा के पांच सेन्टर्स हैं, एक सैन्टर पाण्डिचेरी में है, उस परीक्षा में भी वह बैठा। इस परीक्षा में 9 लाख परीक्षार्थि थे, जिन में से केवल 150 उत्तीर्ण हुए और उन 150 लडकों में यह लडका भी उत्तीर्ण हुआ। यह ऐसा बुद्धिमान लडका है कि आज तक जिस परीक्षा को इस लडके ने दिया उस में फर्स्ट आया, जिस परीक्षा का मै जिक्र कर रहा हू उस परीक्षा मे भाभा जी सैकेण्ड आये थे, लेकिन यह लडका फर्स्ट आया।

यहां इस बात को उठाने का मेरा तात्पर्य यह है कि सरकार को ऐसे लड़के को सम्मान देना चाहिये, लेकिन यहां उस को कोई भी नही जानता, मेरे कहने से आप लोगों को पता लगेगा। सरकार इस मामले में क्या करती है, इन का रेडियो विभाग क्या करता है। आज दूसरे देशों में जो लडके उत्तीर्ण हुए हैं उन को सम्मान दिया जा रहा है, यद्यपि उन छात्रों ने इस छात्र से कम अंक प्राप्त किये है। जापान के लड़कों को उन का देश सम्मान दे रहा है, लेकिन यहा इसका कोई उल्लेख तक नही है। उस को जापानवाले अपने यहा बुला रहे हैं, अमरीकावाले अपने यहां बुला रहे हैं, जब अपना देश ही ऐसे मेधावी लड़के का कोई ख्याल नहीं रखता है तो फिर— आत्मा सर्व भूतेषु —सारा विश्व ही मेरा कुटुम्ब है, वह भी दूसरी जगह जा सकता है और यही कारण है कि आज बड़े अच्छे-अच्छे लड़के दूसरे देशों को चले जा रहे है।

हमारे राष्ट्रपति जी को ऐसे लड़के को सम्मान देना चाहिये। जब मैंने कल बहुगुणा जी से कहा तो उन को बहुत खुशी हुई और उन्होंने कहा कि हम ऐसे लडके को जरूर सम्मान देंगें। मै आप से यह भी निवेदन कर दूं कि यह लड़का बहुत गरीब परिवार का लडका है, इतना गरीब है कि मेरे कालिज के प्रिन्सिपल के यहां खाना-पीता था। जब मुझे-मालूम हुआ तो फिर मैंने उस की मदद की और मै ऐसा समझता हू कि आगे चल कर यह लडका बहुत बुद्धिमान निकलेगा। कबीर भी गरीब घर के थे और गुरुनानक देव जी भी गरीब घर के थे, लेकिन बाद में महापुरुष बने। इस लिये मेरा कहना है कि ऐसे बच्चों की तरफ विशेष ध्यान दिया जाय।

अध्यक्ष महोदय : इस से प्रश्न क्या उठा।

12.38 HRS

DEMANDS* FOR GRANTS, 1975-76—Contd.

MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES

MR SPEAKER: The House will now take up discussion and voting on Demand Nos. 58 to 61 relating to the Ministry of

---

*Moved with the recommendation of the President.